अभिनव स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का चयन करने के लिये सिटिज़ इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन (CITIIS) चैलेंज

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने वित्तीय सहयोग और विदेशी तकनीकी सहायता हेतु अभिनव स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के चयन के लिये 'सिटिज़ चैलेंज' की घोषणा की है।

सिटिज़ इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन (Cities Investment To Innovate, Integrate and Sustain-CITIIS) चैलेंज

- स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत (25 जून, 2015) के समय 100 स्मार्ट सिटी के चयन के लिये एक प्रतिस्पर्द्धी एवं चैलेंज प्रक्रिया का उपयोग किया गया था।
- अब चैलेंज प्रक्रिया को नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना के क्रियान्वयन के लिये अमल में लाया जा रहा है।
- इस कार्यक्रम की अवधि तीन साल (वित्त वर्ष 2018-19 से लेकर वित्त वर्ष 2020-21 तक) होगी।
- इन दिशा-निर्देशों में भारत-फ्राँस साझेदारी कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय चैलेंज के ज़रिये कम-से-कम 15 परियोजनाओं का चयन किया जाएगा, जो इन चार क्षेत्रों से जुड़ी होंगी –

1. टिकाऊ गतिशीलता,
2. सार्वजनिक खुला स्थान,
3. शहरी गवर्नेंस एवं आईसीटी और
4. कम आय वाली बस्तियों में सामाजिक एवं संगठनात्मक नवाचार।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/challenge-announced-to-select-innovative-smart-city-projects